राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर के प्रांगण में संस्थान की पर्यावरण विकास समिति के तत्वाधान में आज सघन पौधारोपण किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य पी.एस.टाक ने बताया कि इस वर्ष ग्रीन केम्पस–क्लीन केम्पस का लक्ष्य लिया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ आलोक बंसल, निदेशक तकनीकी शिक्षा, रन्जू गुप्ता, संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा मण्डल व पूर्व निदेशक दरिया सिंह के द्वारा पौधारोपण कर किया गया। निदेशक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने लगाये गये पौधे को पालने व पूर्ण विकसित करने का संकल्प ले व वर्ष पर्यन्त यह कार्यक्रम लागू करे। बच्चों में वृक्षारोपण का महत्व बताने के लिये ऐसे कार्यक्रम नियमित किये जाने चाहिए। पर्यावरण विकास समिति के अध्यक्ष बी. एल.देपन ने बताया कि संस्थान परिसर में मुख्य भवन व औद्योगिक प्रकोष्ठ के मध्य भूभाग की चाहरदीवारी करवा कर विद्यार्थियों के लिये घास लगा कर बगीचा तैयार किया गया है। इसके साथ की अधिक ऑक्सीजन देने वाले व छायादर वृक्षों को मुख्य भवन परिसर में लगाया गया है। समिति के डा. चन्द्रेश शर्मा ने बताया कि एनसी.सी के केडेट्स द्वारा वृक्षारोपण में सहयोग किया गया। मुख्य संपदा अधिकारी श्री पुष्पेन्द्र चौधरी ने बताया कि समस्त विभागों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण किया और उसके संरक्षण का संकल्प लिया।